Gift Abled
Fostering Inclusion

# भेड़िया आया। भेड़िया आया।

# दिशा-निर्देश

## क्या?

इसमें बच्चे को "भेड़िया आया, भेड़िया आया" की कहानी के बारे में बताया गया है। इस कहानी में बच्चे को सीखने का अवसर मिलेगा कि हमारे खुद के कार्य से दूसरों को चोट पहुँच सकती है, खासकर जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति के सामानों का इस्तेमाल करता है या उसे बरबाद करता है। इसके अलावा, यह लोकप्रिय कहानी खुद पर नियंत्रण रखने और दूसरों का सम्मान करने के बारे में भी सीख देती है।

## क्यों?

ताकि समझ पाएं
To understand

1. कि प्रिंट का अर्थ होता है
2. कि प्रिंट और बोली में संबंध होता है
3. अक्षर और शब्दों के बीच का अंतर
4. कि शब्दों को खाली जगह देकर अलग किया जाता है
5. एक वाक्य में विराम चिह्न की ज़रूरत होती है
6. कि कहानी में शुरुआत, मध्य और अंत होता है
7. कि पाठ को बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे की ओर पढ़ा जाता है

## कैसे?

1. कहानी सुनाने के लिए स्टोरीबोर्ड का उपयोग करें।
2. दिखाए गए चित्रों के अनुसार बच्चों को कहानी बनाने का अवसर दें।
3. कठपुतली या फ्लैश कार्ड की मदद से कहानी सुना सकते हैं
4. बीच-बीच में रुकें और प्रश्न पूछें जो कहानी के अगले हिस्से में ले आएगा
5. कठपुतली या फ्लैश कार्ड की मदद से बच्चों को कहानी सुनाने पर जोर दें

# शिक्षा से जुड़े निर्देश

एक पूर्व-मूल्यांकन करें और उसके परिणाम को नोट कर लें ताकि आप:

1. चित्र को देखते हुए बच्चे की समझ-बूझ और देखकर अनुमान लगाने की खूबी को समझ सकें।

2. चित्र का वर्णन करने के लिए बच्चे के पास उपलब्ध शब्दों का जान सकें।

# क्या आपको वीडियो में दिखाई गई कहानी पसंद आई?



आपने कहानी पढ़ी। चलिए शुरू करते हैं।

एक चरवाहा लड़का अपने मालिक की भेड़ों को गाँव से कुछ दूर एक जंगल के पास चराता था। वह बहुत जल्द वहाँ ऊबने लगा था। मनोरंजन के नाम पर वह केवल अपने कुत्ते से बातें कर सकता था या अपने चरवाहे के पाइप को बजा सकता था।

GiftAbled
Fostering Inclusion



चरवाहा शब्द से आप क्या समझते हैं ?

चारागाह या घास चरने वाली जगह से आप क्या समझते हैं ?

Gift Abled
Fostering Inclusion

एक दिन जब वह शांत जंगल में भेड़ों की निगरानी कर रहा था, तो उसके मन में ख्याल आया कि अगर उसे भेड़िया दिखाई दे जाए तो वह क्या करेगा। उसने अपने मनोरंजन के लिए एक तरीका ढूँढ़ा।



उसके मालिक ने उससे कहा था कि अगर भेड़िया कभी भी भेड़ों पर हमला करता है तो मदद के लिए आवाज लगाए, तब गांव वाले आकर उसे भगा देंगे। हालांकि उसने वहाँ भेड़िया जैसा कुछ भी नहीं देखा था, फिर भी वह गाँव की तरफ दौड़ते हुए ज़ोर से चिल्लाया, “भेड़िया आया! भेड़िया आया!”



चरवाहे ने ऐसा क्यों सोचा था कि वह ऐसा दिखाएगा जैसे उसने एक भेड़िये को देखा है?

जैसा उसने सोचा था, उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर गाँव वाले अपना काम छोड़कर, घबराते हुए दौड़े-दौड़े चारागाह की ओर भागे। पर जब वहाँ पहुँचे तो उन्होंने देखा कि लड़का ज़ोर-जोर से हँस रहा था,
गाँववालों को मूर्ख बनाने पर उसे बड़ा मज़ा आया था।





कुछ दिनों बाद चरवाहा फिर से चिल्लाया, "भेड़िया आया! भेड़िया आया!" गाँववाले फिर से उसकी मदद के लिए दौड़ पड़े और लड़का फिर से उनका मजाक बनाकर हँस रहा था।



## अगर आपको भेड़िया दिखे तो आप क्या करेंगे?

Gift Abled
Fostering Inclusion

एक दिन सच में भेड़िया आ गया, लड़का डर से “भेड़िया आया! भेड़िया आया!” चिल्लाते हुए गाँव की ओर भागा! हालांकि गाँववालों ने उसके चिल्लाने की आवाज़ सुनी पर इस बार वे मदद के लिए आगे नहीं आए। उन्होंने कहा, “वह हमें फिर से मूर्ख नहीं बना सकता!”





भेड़िये ने लड़के की कई भेड़ों को
मार डाला और जंगल में भाग
गया।



चरवाहे की हरकतों के बारे में आप क्या सोचते हैं?

कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

बच्चे को सही क्रम में चित्रों को लगाने के लिए कहें।








Gift Abled
Fostering Inclusion

# माता-पिता और शिक्षकों के लिए:

- कृपया बच्चे के रिकॉर्ड में निम्नलिखित का आकलन करें और प्रत्येक स्थिति के लिए 1-5 के पैमाने पर स्कोर दें।
- कहानी पढ़कर और प्रश्नों का उत्तर देकर, उन्हें ये सब समझ में आने चाहिए

Gift Abled
Fostering Inclusion

| | |
|---|---|
| कि प्रिंट का अर्थ होता है | 1 2 3 4 5 |
| कि प्रिंट और बोली में संबंध होता है | 1 2 3 4 5 |
| अक्षर और शब्दों के बीच का अंतर | 1 2 3 4 5 |
| कि शब्दों को खाली जगह देकर अलग किया जाता है | 1 2 3 4 5 |
| एक वाक्य में विराम चिह्न की ज़रूरत होती है | 1 2 3 4 5 |
| कि कहानी में शुरुआत, मध्य और अंत होता है | 1 2 3 4 5 |
| कि पाठ को बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे की ओर पढ़ा जाता है | 1 2 3 4 5 |